लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
(नैक द्वारा ए++ ग्रेड प्रत्यायित)

संख्या .....

दिनांक.....

सेवा में,

निदेशक,
उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश,
प्रयागराज।

विषयः–राज्य विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक कार्यों के लिए आवश्यक आधारभूत अवस्थापना सुविधाओं के लिए केन्द्रीय बजट 2027–28 हेतु भारत सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक उप सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–4, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–928/सत्तर–4–2026, दिनांक 13.11.2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा राज्य विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक कार्यों के लिए आवश्यक आधारभूत अवस्थापना सुविधाओं के लिए केन्द्रीय बजट 2027–28 हेतु भारत सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किये जाने के लिए सुसंगत प्रस्ताव तैयार कराकर उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये है।

अतः शासन द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में कार्य अधीक्षक, निर्माण विभाग द्वारा विश्वविद्यालय में शैक्षणिक कार्यों के लिए आवश्यक आधारभूत अवस्थापना सुविधाओं के लिए केन्द्रीय बजट 2027–28 हेतु सुसंगत प्रस्ताव तैयार कराकर प्रस्तुत गया है जिसका विवरण निम्नवत् है :–

क्र0सं0	प्रस्तावित कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख में)
1.	लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में 1500 व्यक्तियों के क्षमता का अत्याधुनिक संचार उपकरणों के साथ सुसज्जित आडिटोरियम का निर्माण कार्य (शैक्षणिक गतिविधियां हेतु)	4993.10
2.	विश्वविद्यालय परिसर में टाइप–4 शिक्षक आवास (28 नग फ्लैट) ब्लाक का निर्माण कार्य	2499.22
3.	विश्वविद्यालय परिसर में 200 बेडेड बालिका छात्रावास का निर्माण कार्य	2238.29
4.	विश्वविद्यालय परिसर में अतिथिगृह का निर्माण कार्य	1639.41
5.	विश्वविद्यालय परिसर में शोध छात्रों हेतु "Research Scholars Hostel" (शोधार्थी छात्रावास) का निर्माण कार्य	1138.97

भवदीया,

संलग्नकः यथोपरि।

(डॉ0 भावना मिश्रा)
कुलसचिव

संख्या– GA–21617–21 **दिनांक–** 16/11/2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1. सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. कार्य अधीक्षक, निर्माण विभाग, ल0वि0।
3. इंचार्ज, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि समस्त को ई–मेल के माध्यम से प्रस्तुत करने कष्ट करें।
4. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
5. उप सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–4, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–928/सत्तर–4–2026, दिनांक 13.11.2026 के क्रम में सूचनार्थ।
6. कार्यालय प्रति।

कुलसचिव